राष्ट्र हित उद्योग हित श्रमिक हित

परिश्रमेण हि सिध्यंते कार्याणि न मनोरथैः

ARYAVART BANK WORKERS ORGANISATION
&
ARYAVART BANK OFFICERS ORGANISATION

(Affiliated to: AIGBWO, AIGBOO, BMS)

केन्द्रीय कार्यालय
59, सी स्कीम, पटेल नगर
सरदार पटेल मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

कार्यालय
291, बेगम बाग़,
सीतापुर (उ०प्र०)

प्रांतीय, कार्यालय
माल रोड़ 2, नवीन मार्केट,
कानपुर (उ०प्र०)

Web: https://abwoo.org
off.Email:bms@abwoo.org

पत्रांक: ABOO_WO/2021/010 दिनांक: 06-05-2021

ईमेल के माध्यम से

सेवा में,
महाप्रबंधक
आर्यावर्त बैंक
प्रधान कार्यालय- लखनऊ|

महोदय,

Covid Pandemic की Lethal 2nd wave को देखते हुए Auditors को सुरक्षा एवं बैंक के लखनऊ व अलीगढ़ स्थित STC Centers को Isolation Centers बनाने व क्षेत्रीय कायलयों के अधीन Isolation centers बनाने के संबंध में

संगठन का यह प्रबल रूप से विचार है कि जिस प्रकार सही समस्या को सही समय पर पटल पर उठाना संगठन का दायित्व होता है उसी प्रकार समस्यों के समाधान को खोजकर पटल पर रखना भी संगठन का दायित्व है एवं इस महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी को मद्देनजर रखते हुए संगठन आपको अपने कार्मिकों को Covid 2 wave के दौरान सुविधा देने एवं आवश्यकता होने पर उनकी सहायता करने हेतु निम्नलिखित सुझाव प्रेषित कर रहा है| आशा है कि आप निम्नलिखित सुझावों पर सकारात्मक विचार कर आवश्यक कार्यवाही अवश्य करेंगे|

1. वर्तमान समय में जब सार्वजनिक साधनों से यात्रा करना किसी जानलेवा खतरे से खाली नहीं है ऐसे समय में भी Auditors से Audit कार्य सुदूर परिक्षेत्रों में लिया जा रहा है जबकि इस lethal wave के शांत होने के बाद भी इस कार्य को कराया जा सकता है| Auditors भी हमारे साथी हैं| ऐसे में संगठन सुझाव देता है कि हम अपने कई साथियों को अभी तक खो चुके हैं एवं आगे अपने किसी भी साथी को न खो सकें इसलिए अविलंब Auditors को अन्य परिक्षेत्रों से उनके परिक्षेत्रों में वापस बुलाया जाए व उनसे अन्य कार्य लिए जाएँ जिससे संबन्धित परिक्षेत्र आवश्यकता होने पर उनका उपयोग शाखाओं के संचालन में भी ले सकते हैं| अनावश्यक Movement को जितना हो सके कम करना आवश्यक है|

2. आप जानते ही हैं कि हमारे बैंक में कई कार्मिक सुदूर क्षेत्रों एवं अन्य प्रदेशों से सेवा देने आए हैं व किराए पर रहते हैं| Covid Positive होने के पश्चात कई कार्मिकों को उस घर को छोड़ने जैसे हालातों का सामना करना पड़ रहा है, संगठन जहाँ भी संभव है ऐसे कार्मिकों की हर संभव मदद भी कर रहा है एवं तत्पर है| समाज का यह दुष्कर आईना भी इस 2nd wave में सामने आया है| ऐसे में प्रत्येक परिक्षेत्र में एक स्थान/ होटल Aquire कर ऐसे Covid Positive कार्मिकों को Isolation में स्थान देने हेतु Bed, भोजन एवं आवश्यक दवाओं की व्यवस्था एक ही स्थान पर की जा सकती है साथ ही जिला प्रशासन को इस हेतु सूचना देकर ऐसे कार्मिकों की देखभाल हेतु सूचित किया जा सकता है| इस हेतु पहल करना आवश्यक है| ऐसा होने पर कार्मिकों की सही मायने में मदद की जा सकती है|

केन्द्रीय कार्यालय
59, सी स्कीम, पटेल नगर
सरदार पटेल मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

कार्यालय
291, बेगम बाग़,
सीतापुर (उ०प्र०)

प्रांतीय, कार्यालय
माल रोड़ 2, नवीन मार्केट,
कानपुर (उ०प्र०)

Web: https://abwoo.org
off.Email:bms@abwoo.org

3. संगठन यह भी सुझाव देता है कि इस जानलेवा Covid wave को मद्देनजर रखते हुए उपरोक्त सुझाव के अनुक्रम में बैंक के लखनऊ व अलीगढ़ अवस्थित STC centers को Isolation centers हेतु तैयार कर दिया जाए| दोनों ही centers को मिलाकर संभवतः 45 कार्मिकों को Isolate करने की व्यवस्था एक ही स्थान पर हो सकती है| इस समय समस्त उपलब्ध संसाधनों को एकत्र कर अपने कार्मिकों की सुरक्षा करना ही श्रेयस्कर है|

4. संगठन द्वारा Research कर "All India Industrial Gases Manufacturers Association" द्वारा **"Medical Oxygen Home Use"** हेतु **Suppliers की दिनांक 05.05.2021 तक Updated सूची** इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है| जिससे आवश्यकता पड़ने पर Isolation centers में कार्मिकों को व अन्य परिक्षेत्रों में कार्मिकों को जिनको Oxygen की आवश्यकता होगी प्राप्त हो सकेगी| यह सूची समस्त क्षेत्रीय कार्यालयों को भी इस पत्र के साथ संलग्न कर ईमेल के माध्यम से उपयोग हेतु प्रेषित की जा रही है|

आवश्यक सकारात्मक कार्यवाही की आशा रखते हुए अग्रिम धन्यवाद सहित प्रेषित......

भवदीय

[Pravin Kumar Singh]
General Secretary
Workers Organisation

[Lalit Singh]
General Secretary
Officers Organisation

प्रतिलिपि: समस्त क्षेत्रीय कार्यालय, आर्यावर्त बैंक|